**NEWS CLIPPING:15.11.2022**

# AAJ SAMAJ

कार्यक्रम | जेसी बोस विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम प्रारंभ

## शिक्षण-अध्ययन व्यवस्था विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायकः प्रो. तोमर

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 में दाखिला लेने वाले नये इंजीनियरिंग छात्रों के लिए एक सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया है। विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग विषयों में विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले 800 से अधिक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी इंडक्शन कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम का आयोजन डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना और विश्वविद्यालय कुलगीत का गायन किया हुआ। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दाखिला लेने वाले नये छात्रों का स्वागत किया और उन्हें विश्वविद्यालय में विभिन्न शिक्षण-अध्ययन और अनुसंधान सुविधाओं से परिचित कराया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की कौशल, नवाचार और शोध-उन्मुख शिक्षण-अध्ययन प्रणाली विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए छात्र-केंद्रित शिक्षा और जरूरी कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों को अनुशासित रहते हुए विश्वविद्यालय की सुविधाओं बेहतर उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ कौशल, नवाचार और अनुसंधान पर विशेष ध्यान दे रहा है।



इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर।

प्रॉक्टर तथा चीफ हॉस्टल वार्डन प्रो. मुनीश वशिष्ठ ने हॉस्टल, मेस और कैंटीन सुविधाओं के बारे में बताया और नये छात्रों को विश्वविद्यालय के नियमों तथा एंटी-रैगिंग नीति से अवगत करवाया। डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह और डिप्टी डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ. अनुराधा पिल्लई ने विभिन्न छात्र क्लबों की गतिविधियों पर संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया और नये छात्रों को उनके क्लब गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी डीन (छात्र गतिविधि) डॉ. हरीश कुमार ने नये छात्रों को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं तथा छात्र कल्याण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी और छात्रों को इन योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उठाने की प्रक्रिया से अवगत कराया। निदेशक (युवा मामले) प्रो. प्रदीप डिमरी ने सार्वभौमिक मानवीय मूल्य पर व्याख्यान दिया और समग्र मूल्य आधारित शिक्षा प्रणाली में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विश्वविद्यालय की पाठ्येतर गतिविधियों और विश्वविद्यालय पुस्तकालय, स्वास्थ्य केंद्र, कंप्यूटर केंद्र और इंक्यूबेशन सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं से भी परिचित कराया गया।

यूनिवर्सिटी कंप्यूटर सेंटर और डिजिटल मामलों की निदेशक डॉ. नीलम दूहन ने छात्रों को डीएलएमएस पोर्टल और मूक्स पाठ्यक्रम क्रेडिट नीति सहित विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न डिजिटल शिक्षण पहलों के बारे में जानकारी दी। अंत में छात्रों के लिए योग सत्र का भी आयोजन किया गया।

**NEWS CLIPPING:15.11.2022**

# PUNJAB KESARI

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम प्रारंभ

## ■ विश्वविद्यालय की शिक्षण-अध्ययन व्यवस्था विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायकः प्रो. एस.के. तोमर



*इंजीनियरिंग छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. एस.के. तोमर। (छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 14 नवम्बर (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 में दाखिला लेने वाले नये इंजीनियरिंग छात्रों के लिए एक सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया है। विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग विषयों में विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले 800 से अधिक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी इंडक्शन कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम का आयोजन डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पारंपरिक दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना और विश्वविद्यालय कुलगीत का गायन किया हुआ। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दाखिला लेने वाले नये छात्रों का स्वागत किया और उन्हें विश्वविद्यालय में विभिन्न शिक्षण-अध्ययन और अनुसंधान सुविधाओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की कौशल, नवाचार और शोध-उन्मुख शिक्षण-अध्ययन प्रणाली विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए छात्र-केंद्रित शिक्षा और जरूरी कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों को अनुशासित रहते हुए विश्वविद्यालय की सुविधाओं बेहतर उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ कौशल, नवाचार और अनुसंधान पर विशेष ध्यान दे रहा है।

प्रॉक्टर तथा चीफ हॉस्टल वार्डन प्रो. मुनीश वशिष्ठ ने हॉस्टल, मेस और कैंटीन सुविधाओं के बारे में बताया और नये छात्रों को विश्वविद्यालय के नियमों तथा एंटी-रैगिंग नीति से अवगत करवाया।

डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह और डिप्टी डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ. अनुराधा पिल्लई ने विभिन्न छात्र क्लबों की गतिविधियों पर संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया और नये छात्रों को उनके क्लब गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

डिप्टी डीन (छात्र गतिविधि) डॉ. हरीश कुमार ने नये छात्रों को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं तथा छात्र कल्याण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी और छात्रों को इन योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उठाने की प्रक्रिया से अवगत कराया।

निदेशक (युवा मामले) प्रो. प्रदीप डिमरी ने सार्वभौमिक मानवीय मूल्य पर व्याख्यान दिया और समग्र मूल्य आधारित शिक्षा प्रणाली में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला।


**NEWS CLIPPING:15.11.2022**

# AMAR UJALA

# जेसी बोस में इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित, 800 हुए शामिल

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 में दाखिला लेने वाले नए इंजीनियरिंग छात्रों के लिए एक सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया है। करीब 800 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने किया। उन्होंने नए छात्रों का स्वागत किया और उन्हें विश्वविद्यालय में विभिन्न शिक्षण-अध्ययन और अनुसंधान सुविधाओं से परिचित कराया। उन्होंने छात्रों को अनुशासित रहते हुए विश्वविद्यालय की सुविधाओं बेहतर उपयोग करने की सलाह दी। डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह और डिप्टी डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ. अनुराधा पिल्लई ने विभिन्न छात्र क्लबों की गतिविधियों पर संक्षिप्त जानकारी दी। संवाद



**कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते शिक्षक** । संवाद

**NEWS CLIPPING:15.11.2022**

# HADOTI ADHIKAR

## इंजीनियरिंग छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम प्रारंभ

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 14 नवम्बर। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 में दाखिला लेने वाले नये इंजीनियरिंग छात्रों के लिए एक सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया है। विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग विषयों में विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले 800 से अधिक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी इंडक्शन कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम का आयोजन डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना और विश्वविद्यालय कुलगीत का गायन किया हुआ। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दाखिला लेने वाले नये छात्रों का स्वागत किया और उन्हें विश्वविद्यालय में विभिन्न शिक्षण-अध्ययन और अनुसंधान सुविधाओं से परिचित कराया।

**NEWS CLIPPING:15.11.2022**

# HINDUSTAN

## छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम शुरू

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 में दाखिला लेने वाले नए इंजीनियरिंग छात्रों के लिए एक सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया है। विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग विषयों में विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले 800 से अधिक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी इंडक्शन कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:15.11.2022**

# NAVBHARAT TIMES

## विवि पहुंचे 800 से ज्यादा छात्र

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद**

जेसी बोस यूनिवर्सिटी शैक्षणिक 2022-23 में दाखिला लेने वाले इंजीनियरिंग छात्रों के लिए एक सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित कर रही है। सोमवार को प्रोग्राम की शुरुआत की गई, जिसमें 800 छात्र हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर डिपार्टमेंट की तरफ से आयोजित किया जा रहा है। सोमवार यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर ने कार्यक्रम की शुरुआत की। चीफ हॉस्टल वॉर्डन प्रफेसर मुनीश वशिष्ठ ने हॉस्टल, मेस व कैंटीन सुविधाओं के बारे में बताया। इस मौके पर डॉ. अनुराधा, डॉ. हरीश कुमार, प्रफेसर प्रदीप डिमरी, डॉ. नीलम दूहन आदि मौजूद रहे।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:15.11.2022**

## PIONEER

# जेसी बोस में इंजीनियरिंग छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 में दाखिला लेने वाले नये इंजीनियरिंग छात्रों के लिए एक सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया है। विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग विषयों में विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले 800 से अधिक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी इंडक्शन कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम का आयोजन डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना और विवि कुलगीत का गायन किया हुआ। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दाखिला लेने वाले नये छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की कौशल, नवाचार और शोध-उन्मुख शिक्षण-अध्ययन प्रणाली विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है। विवि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए छात्र-केंद्रित शिक्षा और जरूरी कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।